# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
दूरभाष संख्या –0612–2285262


**सं०सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–25/18..2059..पटना, दिनांक..02/12/2022**

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के आदेश सं0–421, दिनांक–15.02.2022 द्वारा श्री देवांशु पाठक, सिंगल विंडो ऑपरेटर, का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मधुबनी से जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) किया गया। जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) के पत्रांक–85, दिनांक–02.05.2022 के माध्यम से सूचित किया गया कि जिला पदाधिकारी, मधुबनी के कार्यालय आदेश ज्ञापांक–83, दिनांक–31.03.2022 द्वारा श्री पाठक को विरमित किये जाने के बावजूद उनके द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) में योगदान समर्पित नहीं किया गया है।

**2.** श्री देवांशु पाठक के आवेदन दिनांक–23.08.2022 द्वारा सूचित किया गया कि आँख में संक्रमण एवं पारिवारिक जिम्मेवारी के कारण वे योगदान करने में असमर्थ थे। साथ ही अंकित किया गया कि चिकित्सकीय सलाह के उपरांत वे कार्य करने में सक्षम महसूस कर रहे हैं। श्री पाठक द्वारा आर्थिक स्थिति के मद्देनजर अपना स्थानान्तरण गृह जिला के आस-पास के जिलों में करने का अनुरोध किया गया। उक्त आलोक में बिहार विकास मिशन के पत्रांक–1375, दिनांक–30.08.2022 द्वारा श्री पाठक को नवपदस्थापित/ स्थानान्तरित कार्यालय जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) में 03 (तीन) कार्य दिवस के अन्दर योगदान समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

**3.** जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) के पत्रांक–192, दिनांक–07.09.2022 के माध्यम से सूचित किया गया कि बिहार विकास मिशन द्वारा श्री देवांशु पाठक, सिंगल विंडो ऑपरेटर को जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) में योगदान करने हेतु निदेशित किये जाने के बावजूद उनके द्वारा योगदान समर्पित नहीं किया गया है।

उक्त आलोक में बिहार विकास मिशन के पत्रांक–1445, दिनांक–15.09.2022 द्वारा श्री देवांशु पाठक से स्पष्टीकरण की माँग की गयी।

इस क्रम में श्री देवांशु पाठक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में गृह जिला के आस-पास के जिलों में स्थानान्तरित करने अन्यथा सेवा समाप्त करने का अनुरोध किया गया।

**4.** श्री देवांशु पाठक, सिंगल विंडो ऑपरेटर, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया) से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षोपरांत उनका एकरारनामा रद्द करते हुए संविदा समाप्त किया जाता है।

**5.** इसमें सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

**(राजीव रंजन सिन्हा)**
महाप्रबंधक–HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-25/18**...2059.....**पटना, दिनांक** ...02/12/22...

**प्रतिलिपि :-** जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (बेतिया)/ जिला योजना पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण (बेतिया)/ प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया)/ श्री देवांशु पाठक, सिंगल विंडो ऑपरेटर, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पश्चिम चम्पारण (बेतिया), Email ID: pathak.debansu@gmail.com/ श्रीमती रश्मि रंजन, मैनेजमेंट एसोसिएट, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT

**ज्ञापांक :- बि०वि०मि०-स्था०-(DRCC/विविध)-25/18**..2059...**पटना, दिनांक** ..02/12/22..

**प्रतिलिपि :-** आई०टी० मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

महाप्रबंधक-HR (Management) & IT